**दिनांक: 06-09-2017**

# बीजेपी और कांग्रेस पार्टी के आय और व्यय का विश्लेषण वित्तीय वर्ष – 2015-16

A Report by

Association for Democratic Reforms

Association for Democratic Reforms

T-95A, I floor, C.L. House, Gautam Nagar
New Delhi – 110 049
Email: adr@adrindia.org; Phone: 011-4165 4200

# विस्तृत रिपोर्ट

## प्रस्तावना

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (**एडीआर**) द्वारा तैयार की गई यह रिपोर्ट वि व् 2015-16 के दौरान भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और कांग्रेस (**आईएनसी**) के आय और व्यय विवरण का विश्लेषण है | यह जानकारी दलों द्वारा चुनाव आयोग को प्रस्तुत की गई ऑडिट रिपोर्ट से लिया गया है | 9th मई, 2017 को एडीआर ने 5 राष्ट्रीय दलों (AITC, BSP, NCP, CPI & CPM) के आय और व्यय रिपोर्ट का विश्लेषण किया था | पूरी रिपोर्ट के लिए **यहाँ पढ़ें**

## राष्ट्रीय दलों द्वारा प्रस्तुत ऑडिट रिपोर्ट

- दलों द्वारा वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने की नियमित तिथि **30 अक्टूबर, 2016** थी |
- एआइटीसी, सीपीएम और बसपा तीनों पार्टियों ने ही अपने ऑडिट रिपोर्ट्स निर्धारित समयसीमा से पहले प्रस्तुत की है |
- **बीजेपी** ने अपनी ऑडिट रिपोर्ट निर्धारित समयसीमा के लगभग **6 महीने 29 दिन बाद**, 29th मई 2017 को जमा कीया |
- **कांग्रेस** ने अपनी ऑडिट रिपोर्ट निर्धारित समयसीमा के लगभग **8 महीने 12 दिन बाद,** 11th जुलाई को जमा कीया है |


| Due date for submission: 31st Oct,'16 | | |
|---|---|---|
| **Party** | **Date of submission** | **Delay in submitting their report** |
| CPM | 14th October,'16 | - |
| AITC | 22nd Sep,'16 | - |
| BSP | 23rd August,'16 | - |
| CPI | 17th Nov,'16 | **16 days** |
| NCP | 1st March,'17 | **120 days** |
| BJP | 29th May,'17 | **209 days** |
| INC | 11th July,'17 | **252 days** |

## राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के आय एवं व्यय - वित्तीय वर्ष-2015-2016

- वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान 7 राष्ट्रीय दलों की कुल आय **रु 1033.18 करोड़** थी जिसमें से दलों ने (कुल आय का 26.98%) **रु 278.83 करोड़** खर्च नहीं किया है |
- **बीजेपी** ने कुल **रु 570.86 करोड़** का आय घोषित किया है पर पार्टी ने (कुल आय का 23.13%) **रु 132.06 करोड़** खर्च नहीं किया है |
- **कांग्रेस** ने वित्तीय वर्ष 2015-16 में कुल **रु 261.56 करोड़** का आय घोषित किया है परन्तु पार्टी ने (कुल आय का 26.11%) **रु 68.30 करोड़** खर्च नहीं किया है |
- **एनसीपी** ने अपने कुल आय से **19% अधिक खर्चा** किया है | वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान पार्टी ने रु 9.14 करोड़ की आय घोषित की है लेकिन पार्टी का कुल खर्च रु 10.84 करोड़ था |

| Total income and expenditure declared by National Parties, FY 2015-16 (Rs in cr) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Party** | **Total declared Income** | **Total declared Expenditure** | **Excess of income over expenditure** | **Share of income remaining unspent** |
| **BJP** | 570.86 | 438.80 | 132.06 | 23.13% |
| **INC** | 261.56 | 193.26 | 68.30 | 26.11% |
| **CPM** | 107.48 | 84.82 | 22.66 | 21.08% |

| Total income and expenditure declared by National Parties, FY 2015-16 (Rs in cr) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Party** | **Total declared Income** | **Total declared Expenditure** | **Excess of income over expenditure** | **Share of income remaining unspent** |
| **BSP** | 47.385 | 11.90 | 35.485 | 74.89% |
| **AITC** | 34.578 | 13.35 | 21.228 | 61.39% |
| **NCP** | 9.137 | 10.84 | (1.703) | -18.64% |
| **CPI** | 2.176 | 1.48 | 0.696 | 31.99% |
| **Total** | **Rs 1033.18 cr** | **Rs 754.45 cr** | **Rs 278.73 cr** | **26.98%** |





## वित्तीय वर्ष 2015-16 में राष्ट्रीय दलों की कुल आय

- राष्ट्रीय दलों की आय पूरे भारतवर्ष से विभिन्न स्त्रोतों से संकलित की गई है जैसा की उन्होंने अपने ऑडिट रिपोर्ट में प्रस्तुत किया है ।
- 7 राष्ट्रीय दल जिनके आईटीआर सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध हैं उनके कुल आय **रु 1033.18 करोड़** (पूरे भारतवर्ष से ) है |
- कुल आय रू **570.86 करोड़** के साथ राष्ट्रीय दलों में से **बीजेपी** ने सबसे अधिक आय घोषित की है जो इन 7 दलों के कुल आय का **55.25 %** है |
- दूसरे स्थान पर **कांग्रेस** ने रू **261.56 करोड़** घोषित किया है जो राष्ट्रीय दलों के पुरे आय का **25.32 %** है ।

| Income of National Parties for FY 2015-16 | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **National Party** | **BJP** | **INC** | **CPM** | **BSP** | **AITC** | **NCP** | **CPI** |
| **Total Income** | Rs 570,85,66,498 *(Rs 570.86 cr)* | Rs 261,56,46,086 *(Rs 261.56 cr)* | Rs 107,48,21,606 *(Rs 107.48 cr)* | Rs 47,38,59,177 *(Rs 47.385 cr)* | Rs 34,57,86,458 *(Rs 34.578 cr)* | Rs 9,13,74,181 *(Rs 9.137 cr)* | Rs 2,17,67,309 *(Rs 2.176 cr)* |
| **% Share in total Income** | **55.25%** | **25.32%** | **10.40%** | **4.59%** | **3.35%** | **0.88%** | **0.21%** |
| **Grand Total** | **Rs 1033.18 cr** | | | | | | |


**Table: Total income declared by National Parties in their ITR for FY 2015-16 (All over India)**




**Graph: Total income declared by National Parties in their ITRs for FY 2015-16 (All over India)**

## वित्तीय वर्ष 2014–15 और 2015–16 के बीच राष्ट्रीय दलों की कुल आय की तुलना

- सभी राष्ट्रीय दलों में से , **वित्तीय वर्ष 2014-15** के दौरान बीजेपी ने सबसे अधिक आय घोषित कीया था | पार्टी ने **रु 970.43 करोड़** की कुल आय घोषित कीया लेकिन वित्तीय वर्ष 2015-16 में पार्टी की कुल आय **41.17%** घटकर **रु 570.86 करोड़** हो गयी |
- **वित्तीय वर्ष 2014-15** के दौरान कांग्रेस ने **रु 593.31 करोड़** की कुल आय घोषित कीया लेकिन वित्तीय वर्ष 2015-16 में पार्टी की कुल आय **55.92%** घटकर **रु 261.56 करोड़** हो गयी |




**Graph: Total income of National Parties for Financial Years: 2014-15 and 2015-16**

## बीजेपी और कांग्रेस द्वारा अज्ञात स्त्रोतों से अर्जित की गई आय - वि व् 2015-16

- राजनीतिक दलों द्वारा भारत चुनाव आयोग को प्रस्तुत की गई दान रिपोर्ट में सिर्फ उन्ही लोगों का नाम उल्लेखित किया गया है जिन्होने इन दलों को रू 20,000 से ज़्यादा दान किये है। अतः सिर्फ यही एक ज्ञात स्त्रोत है।
- राजनीतिक दलों द्वारा अज्ञात स्त्रोतों से अर्जित की गई आय वह है जो उन्होने अपनी **आयकर** में रू 20,000 से कम दान की श्रेणी में उल्लेखित की है। अज्ञात स्त्रोतों से अर्जित की गई आय में निम्नलिखित साधन आते हैं: कूपनों की बिक्री, पर्स मनी, सहायता कोष, विविध फंड, स्वैच्छिक अनुदान, सम्मेलन/मोर्चाओं से एकत्रित की गई धनराशि इत्यादि। इन स्वैच्छिक अनुदान देने वाले दानदाताओं का विवरण **सार्वजानिक रूप से उप्लब्ध्** नही है।
- वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान कांग्रेस और बीजेपी की कुल आय **रु 832.42 करोड़** है |
- वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान 2 राष्ट्रीय दलों को ज्ञात दाताओं से प्राप्त कुल आय **रु 97.27 करोड़**, जो कुल आय का केवल **11.69%** है |
- दूसरे ज्ञात स्त्रोंतो से (उदाहरण के लिए - परिसम्पत्तियों की बिक्री, सदस्ता शुल्क, बैंक ब्याज, प्रकाशनों की बिक्री और पार्टी लेवी) कांग्रेस और बीजेपी को प्राप्त आय **रु 88.33 करोड़** है जो कुल आय का **10.61%** है |
- **कांग्रेस और बीजेपी** द्वारा वित्तीय वर्ष 2015–16 में अज्ञात स्त्रोतों से अर्जित की गई धनराशि **रू 646.82 करोड़** है जोकि 2 दलों की कुल आय का **77.70%** है।
- नीचे दी गई तालिका में अज्ञात स्त्रोतों द्वारा प्राप्त धनराशि को बताया गया है और इसमें दान/स्वैच्छिक अनुदानों को समायोजन किया गया है।

| Donations from various sources to BJP & INC during FY 2015-16 (Rs in cr) | | |
|---|---|---|
| **Sources of Income** | **BJP** | **INC** |
| **Known sources (donations above Rs 20,000)** | 76.85 | 20.42 |
| **Other known income*** | 33.23 | 55.10 |
| **Unknown Sources (as per IT Returns)** | 460.78 | 186.04 |
| **Total Income** | **Rs 570.86 cr** | **Rs 261.56 cr** |





**Table: Amounts received as donations from various sources by political parties during FY 2015-16**

* Other known income include: sale of moveable & immoveable assets, old newspapers, membership fees, delegate fee, bank interest, sale of publications and levy

#Details of donations above Rs 20,000 given by the party in the statement to the ECI is more than the total donations declared in the IT Returns of the party for FY 2015-16. Hence the figures are in negative

## बीजेपी और कांग्रेस को अज्ञात स्त्रोंतों से प्राप्त आय – वि व् – 2015-16

- वि व् 2015-16 के दौरान बीजेपी ने अज्ञात स्त्रोतों से सबसे अधिक आय "**स्वैच्छिक योगदान**" (**Voluntary contributions**) से एकत्रित किया है | इस स्त्रोत से पार्टी ने **रु 459.56 करोड़** प्राप्त किया जो अज्ञात स्त्रोतों से कुल आय का **80.50%** था |
- अज्ञात स्त्रोत में कांग्रेस को सबसे अधिक आय **रु 167.96 करोड़** "सेल और कूपन्स" से प्राप्त हुआ है जो कुल आय का **25.97%** है |

| Unknown Sources, as per the income-expenditure statements of BJP & INC, FY 2015-16 (Rs in cr) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Political Parties** | **Voluntary Contributions** | **Miscellaneous Income** | **By Collection from Sale of coupons** | **Total** |
| **BJP** | 459.56 | 1.216 | 0 | **Rs 460.78 cr** |
| **INC** | 16.80 | 1.28 | 167.96 | **Rs 186.04 cr** |
| **Total** | **Rs 476.36 cr** | **Rs 2.496 cr** | **Rs 167.96 cr** | **Rs 646.82 cr** |

**Table: Unknown sources of income of National parties for FY- 2015-2016**





**Table: Unknown sources of income of National parties for FY- 2015-2016**

## कुल दान में रु 20,000 से अधिक के दान का विवरण


- राजनीतिक दलों को ऑडिट रिपोर्ट के अलावा हर वर्ष रू 20,000 से ज़्यादा दान देने वाले लोगों की सूची भी चुनाव आयोग को देनी होती है।
- राजनीतिक दलों को मिलने वाले दान (रू 20,000 से अधिक व कम दोनों) तथा उनके द्वारा घोषित आयकर के विश्लेषण से यह पता चलता है कि कुल दान का सिर्फ 11.69% (**रू 97.27 करोड़**) रू 20,000 से ऊपर के स्वैच्छिक अनुदान से है।
- कांग्रेस और बीजेपी द्वारा वित्तीय वर्ष 2015–16 में अर्जित की गई **रू 476.36 करोड़** (83.04 प्रतिशत) की दान राशि जिस दानदाता से आई है उनका कोई भी विवरण सार्वजानिक रूप से उपलब्ध नही है।
- वि व् 2015-16 के दौरान बीजेपी ने (रू 20,000 से अधिक दानों) कुल रु 76.85 करोड़ दान घोषित किया है जिसकी जानकारी सार्वजानिक तौर पर उपलब्ध है |
- कांग्रेस ने **रु 37.22 करोड़** का दान अपने ऑडिट रिपोर्ट में घोषित किया है | लेकिन पार्टी का केवल 54.86% (रु 20.42 करोड़ ) दान की ही जानकारी सार्वजानिक तौर पर उपलब्ध है |

| % share of contributions in total Income of Political Parties for FY-2015-2016 (Rs. in cr) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Party** | **Total Income (A)** | **Source of Income – IT Returns** | **Total Contributions/ Donations- From IT Returns (B)** | **Share of Contributions in total income [(B/A)*100]** | **Donations above Rs 20,000 From Contribution report (C)** | **Share of Contributions above Rs 20,000 in total donations [(C/B)*100]** |
| BJP | 570.86 | Voluntary Contributions | 536.41 | 93.97% | 76.85 | 14.33% |
| INC | 261.56 | Grant/ Donation/ Contributions | 37.22 | 14.23% | 20.42 | 54.86% |
| **Total** | **Rs 832.42 cr** | - | **Rs 573.63 cr** | **68.91%** | **Rs 97.27 cr** | **16.96%** |

**Table: % share of contributions in total Income of National Parties for FY-2015-2016 (Rs. in cr)**

## बीजेपी और कांग्रेस के आय के प्रमुख स्त्रोत : वि व्- 2015-16

- **बीजेपी** को पूरे भारतवर्ष से स्वैच्छिक योगदान से सबसे अधिक **रु 536.41 करोड़** प्राप्त हुआ है जो पार्टी की कुल आय का **93.97%** है |
- वि व् 2015-16 में **कांग्रेस** को सबसे अधिक आय **रु 167.96 करोड़** "सेल और कूपन्स" से हुई है जो कुल आय का **64.22%** है |
- **बैंकों से प्राप्त ब्याज** भी दलों का आय स्त्रोत है जिसमें बीजेपी को **रु 19.617 करोड़** और कांग्रेस को **रु 44.67 करोड़** प्राप्त हुई हैं |





**Top sources of income of National Parties for FY 2015-16**

| Party | Total Income | Financial Year- 2015-2016 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Top 3 Source of Income | Amount (Rs in cr) | Share of Income |
| BJP | Rs 570.86 crores | Voluntary Contributions | 536.41 | 93.97% |
| | | Interest from Banks | 19.617 | 3.44% |
| | | Fee & Subscription | 10.34 | 1.81% |
| | | **Other Income** | 4.50 | 0.79% |
| INC | Rs 261.56 crores | Collection by Issuing Coupons | 167.96 | 64.22% |
| | | Interest on Fixed Deposits | 44.67 | 17.08% |
| | | Grant/Donation/Contributions | 37.22 | 14.23% |
| | | **Other Income** | 11.70 | 4.47% |

**Table: Top 3 sources of income of National Parties in their ITR from FY 2015-16**

## बीजेपी और कांग्रेस के व्यय के प्रमुख स्त्रोत : वि व्- 2015-16

- बीजेपी ने **रु 359.08 करोड़** का खर्च चुनाव/ सामान्य प्रचार में और रु 36.09 करोड़ प्रशासनिक खर्च में घोषित किया है |
- कांग्रेस ने सबसे अधिक खर्च प्रशासनिक व सामान्य खर्च में **रु 76.78 करोड़** और चुनावी खर्च में **रु 53.28 करोड़** खर्च घोषित किया है|




**Top item of expenditure of National Parties for FY 2015-16**

| Political Party | Total Expenditure | Financial Year- 2015-2016 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **Top 3 Items of Expenditure** | **Amount (Rs in cr)** | **% of Expenditure** |
| **BJP** | **Rs 438.80 crores** | Election/General Propaganda | 359.08 | 81.83% |
| | | Administrative Costs | 36.09 | 8.22% |
| | | Books & Publications | 16.36 | 3.73% |
| | | **Other Expenditure** | 27.27 | 6.21% |
| **INC** | **Rs 193.26 crores** | Administrative and General Expenses | 76.78 | 39.73% |
| | | Election Expenditure | 53.28 | 27.57% |
| | | Finance Costs | 28.63 | 14.81% |
| | | **Other Expenditure** | 34.57 | 17.89% |

**Table: Top 3 items of expenditure of National Parties in their ITR for FY-2015-16**

## एडीआर के सुझाव

- **सुप्रीम** कोर्ट ने 13 सितम्बर, 2013 को यह घोषित किया कि उम्मीदवारों के शपथपत्र का कोई भी हिस्सा खाली नही रहना चाहिए इसी के तर्ज पर फोर्म 24ए, (जोकि राजनीतिक दलों द्वारा रू 20,000 से ज़्यादा दान देने वाले लोगों के लिए प्रस्तुत किया जाता है) का भी कोई हिस्सा खाली नही होना चाहिए।
- क्योकि राजनीतिक दलों की आय का अधिकतम प्रतिशत (80 प्रतिशत) अज्ञात स्त्रोतों से आता है, दानदाताओं की पूरी जानकारी, सार्वजनिक जांच के लिए आम जनता को उपलब्ध होनी चाहिए। भूटान, नेपाल, जर्मनी, फ्रांस, इटली, ब्राज़ील, बल्गेरिया अमेरिका तथा जापान जैसे देशों में ऐसा किया जाता है। इन देशों में से किसी भी देश में राजनीतिक दलों के आय स्त्रोत का 80 प्रतिशत अज्ञात रहना असम्भव होगा।
- आईसीएआई का यह दिशा निर्देश की राजनीतिक दलों के आडिट रिर्पोट का इन्कम टैक्स डिर्पाटमेन्ट द्वारा छानबीन की जानी चाहिए **किन्तु इसका** का पालन नही होता है। राजनीतिक दलो को सूचना का अधिकार अधिनियम के अर्न्तगत निरन्तर तौर पर जानकारी प्रदान करनी चाहिए। ऐसा करने से ही राजनीतिक दल, चुनाव प्रक्रिया एंव लोकतंत्र सशक्त होगा।

### राजनीतिक दलों की वित्तीय सूचनाओं को उपलब्ध कराने के लिए एक सख्त व्यवस्था की ज़रूरत

राजनीतिक दलों में वित्तीय पारदर्शिता एंव ज़िम्मेदारी को सुनिश्चित करने के लिए तथा इसकी रिर्पोटिंग के लिए एक सख्त व्यवस्था की ज़रूरत है। **इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ़ इंडिया** (आईसीएआई) सस्था ने चुनाव आयोग के अनुरोध पर सुझावों की एक सूची बनाई है। एडीआर का यह मानना है कि जल्द से जल्द इन सुझावों के पालन की सख्त ज़रूरत है।

## अस्वीकरण

रिपोर्ट में इस्तेमाल सभी जानकारी चुनाव आयोग के वेबसाइट में राजनीतिक दलों के पेज. से लिया गया है

http://eci.nic.in/eci_main1/PolPar/annualauditreport2016.aspx

रिपोर्ट बनाते समय सुचना का पूर्ण ध्यान रखा गया है | यदि रिपोर्ट में दी गयी जानकारी में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई त्रुटि पायी जाती है तो राजनीतिक दलों द्वारा जमा किये गए ऑडिट रिपोर्ट का विवरण ही ठीक माना जायेगा | एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म, नेशनल इलेक्शन वाच और उनके स्वंयसेवक जिम्मेदार नही होंगे |

### सम्पर्क:


| | | | |
|---|---|---|---|
| Media and Journalist Helpline<br>+91 80103 94248<br>Email:<br>adr@adrindia.org | Maj. Gen Anil Verma (Retd.)<br>Head<br>ADR & NEW<br>+91 11 4165 4200<br>+91 88264 79910<br>anilverma@adrindia.org | Prof Jagdeep Chhokar<br>IIM Ahmedabad (Retd.)<br>Founder Member<br>ADR & NEW<br>+91 99996 20944<br>jchhokar@gmail.com | Prof Trilochan Sastry<br>IIM Bangalore<br>Founder Member,<br>ADR & NEW<br>+91 94483 53285<br>trilochans@iimb.ernet.in |